two units of Ashoka Paper Mills Limited located in their respective States for receiving President's instructions thereon, before promulgating the Ordinances. While the Government of Assam have since promulgated the Ordinance, certain observations/suggestions on behalf of the Government of India have been conveyed to Government of Bihar for their comments, which are awaited. Further steps to reopen the two units located in their respective States are to be taken by Governments of Assam and Bihar.

बरौनी तेल शोधक कारखाने में श्रमिकों द्वारा हड़ताल

1271. **श्री शंकर सिंह वाघेला :** क्या पेट्रोलियम और रसायन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या बरौनी तेल शोधक कारखाने के श्रमिकों ने 4 मई, 1990 को एक दिन की हड़ताल की थी ;

(ख) क्या उनके द्वारा पुनः हड़ताल किये जाने की कोई संभावना हैं; और

(ग) उक्त हड़ताल के कारण बरौनी तेल शोधक कारखाने को कुल कितनी हानि हुई ?

पेट्रोलियम और रसायन मंत्री (श्री एम. एस. गुरुपदस्वामी) : (क) जी, हां ।

(ख) उक्त रिफाइनरी की मान्यता प्राप्त यूनियन, बरौनी तेल शोधक मजदूर यूनियन के संघटकों ने 17-5-90 से अनिश्चित काल के लिए हड़ताल की । वह हड़ताल उसी दिन सांयकाल को समाप्त हो गई ।

(ग) 4 मई, 1990 की हड़ताल के कारण बरौनी रिफाइनरी को लगभग 12.6 हजार टन क्रूड थ्रूपुट की हानि हुई । 17-5-90 को हुई हड़ताल के कारण क्रूड थ्रूपुट की कोई हानि नहीं हुई ।

Leasing out/selling of A-320 Airbus

1272. SHRI S. S. AHLUWALIA

SHRI JAGADISH JANI:

SHRI SURESH KALMADI:

Will the Minister of CIVIL AVIATION be pleased to state:

(a) whether it is a fact that Government have been considering leasing out/selling the fleet of A-320 Aircraft of Indian Airlines which were grounded after the Bangalore crash;

(b) whether any offers have been received for the same; and

(c) if so, what are the details thereof?

THE MINISTER OF ENERGY WITH ADDITIONAL CHARGE OF THE MINISTRY OF CIVIL AVIATION (SHRI ARIF MOHD. KHAN): (a) Yes, Sir.

(b) and (c) Some tentative enquiries for lease/sale of Airbus A-320 aircraft have been received by Indian Airlines but no detailed offers have been received.

त्रिपुरा में प्राकृतिक गैस का निकाला जाना

1273. **श्री शंकर दयाल सिंह :** क्या पेट्रोलियम और रसायन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) त्रिपुरा में इस समय किन-किन स्थानों पर प्राकृतिक गैस निकाली जा रही हैं ;

(ख) क्या सरकार वहां गैस पर आधारित किसी बड़े उद्योग की स्थापना करने पर विचार कर रही है; और

(ग) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या हैं ?

पेट्रोलियम और रसायन मंत्री (श्री एम. एस. गुरुपदस्वामी) : (क) फिलहाल, त्रिपुरा में प्राकृतिक गैस का उत्पादन बारामुरा और रोखिया संरचनाओं से किया जाता हैं ।